एक और जोड़ो

सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।
- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।
- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।
- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा न करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।

गतिविधियाँ -

- अलग-अलग तरह से 3, 4, 5, 6 ठोस वस्तुओं को रखना जैसे ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○
- हर संख्या से संबंधित अंक-कार्ड ढूँढना।
- एक और जोड़कर देखना और अगली संख्या का अंक-कार्ड उठाना।
- डिब्बे ढंक कर एक घटाने का अभ्यास करें। एक घटाकर गिनना और उपयुक्त अंक-कार्ड उठाना।
- डिब्बे गिनकर उनके नीचे बनी लाईन पर लिखना।
- अगली लाईन में एक-एक डिब्बे और बनाएँ और नीचे की लाईन में लिखें।
- तीसरी लाईन में उतने डिब्बे बनाएँ जो दूसरी लाईन में बन गए हैं जैसे 4, 5 फिर इनमें एक और जोड़ें और बनाएँ और उसके नीचे लिखें।
- ऐसे अभ्यास पट्टी पर भी कराएँ।
- अभ्यास के बाद चर्चा करें; 3 में एक और जोड़ा तो कितना हुआ, फिर एक और जोड़ा तो कितना हुआ, 5 में से एक घटाएँ तो कितना बचेगा?
- पट्टी पर बनाकर एक घटाने (मिटाने) के अभ्यास भी कराएँ।
- पन्ने पर बने डिब्बों में छोटे-छोटे चित्र बनाएँ जैसे तितली, चिड़िया, फूल आदि; उन पर बातचीत करें।

नोट - गिनती की अवधारणा एक-एक और जोड़कर ही बनती है इसलिये यह एक महत्वपूर्ण अनुभव है जो गिनती के नामों को संख्या और 'एक और' की अवधारणा से जोड़ता है।
- गणित की अमूर्त अवधारणाओं तक पहुँचने के लिये बच्चों का कार्यों के साथ बातचीत करना ज़रूरी है।
- घटाना जोड़ की विपरीत क्रिया है, अतः एक घटाने के अभ्यास भी इस पन्ने के साथ कराएँ तो अच्छा होगा।

इस पन्ने पर आपने कौन-सी गतिविधियाँ कराई-

दिनांक	गतिविधि	दक्षताएँ	समय	सामग्री

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन-सी नई गतिविधियाँ बनाई व कराई? (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन-सी गतिविधियों में ज़्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

एक और जोड़ो

गिनो

   

लिखो ---- -------- ------ -------

एक और जोड़कर

गिनो

   

लिखो ---- -------- ------ -------

एक और जोड़ो

लिखो ---- -------- ------ -------

आगे बनाओ......



आगे बनाओ

सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र हैं। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।
- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।
- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।
- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा न करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें.

गतिविधियाँ -

- पृष्ठ 14 पर की गई सभी गतिविधियाँ।
- पन्ने पर बनी आकृतियों को मिलाकर चित्र बनाना जैसे पृष्ठ 4 पर



- पैटर्न में बनाई गई चीज़ों के बीच अंतर समानता पर बातचीत जैसे

दोनों में एक बड़ा चौकोर और दो तिकोन हैं पर पहले में तिकोन आजू-बाजू हैं दूसरे में ऊपर नीचे।

- में पहले बड़ा गोला और लाईन है फिर 2 छोटे गोले और लाईन हैं, पर सभी में गोले और लाईनें ही हैं।
- टोलियों में बच्चे एक दूसरे से ऐसे बारीक अंतर समानता के सवाल पूछें, और चित्र पैटर्न बनाएँ।

इस पन्ने पर आपने कौन-सी गतिविधियाँ कराईं-

दिनांक	गतिविधि	दक्षताएँ	समय	सामग्री

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन-सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं? (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन-सी गतिविधियों में ज़्यादा मज़ा आया? किसमें दिक्कत आई?

मटका मटकी

सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।
- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।
- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।
- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा न करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।

गतिविधियाँ -

- चित्र पर चर्चा, कहानी-चित्र में दर्शाई गई चीज़ों को गिनना। कम, ज़्यादा, बराबर के सवाल करना जैसे तितली ज़्यादा है कि चिड़िया, तितली ज़्यादा है कि बड़े फूल आदि। ऐसे सवाल भी पूछना जैसे कितनी बिल्लियां हैं? या कितने गधे हैं? जिनका उत्तर कुछ नहीं या 0 हो, इस तरह के सवालों से 0 का परिचय और अभ्यास कराना। संदर्भ से अन्य मौखिक सवाल-जवाब करना।
- चाक, कुम्हार मटके बनाने का तरीका आदि के बारे में चर्चा। ऐसे ही और लोगों के बारे में जैसे बढ़ई, किसान आदि। बड़े-छोटे, लंबे-छोटे, पास-दूर आदि पर चर्चा। जैसे सबसे लंबा पेड़ कौन-सा है? कुम्हार ने कितने बड़े, कितने छोटे मटके बनाए? सबसे ऊंचा पहाड़ कौन-सा है? कुँए के ज़्यादा पास क्या है, घर या कुम्हार? (उंगली से नाप सकते हैं) घर के, कुम्हार के आगे क्या है? पीछे क्या है?
- मिट्टी और आसपास की चीज़ों से चित्र की चीज़ें बनाना।
- चित्र में और चीज़ें जोड़ना।
- पृष्ठ 10 एवं 12 से और गतिविधियाँ।

नोट: गणित की अवधारणाएँ समझने में अनुभव के साथ-साथ भाषा के उपयोग का बहुत महत्व है। अतः इस पन्ने पर ऊपर दिये गये भाषा प्रयोग के पर्याप्त मौके दें।
- अधिकांश लोगों के लिये गणित की अवधारणाएँ संदर्भ में उपयोगी होती हैं। चित्र में बच्चों के आसपास के कई वास्तविक संदर्भ हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है।

इस पन्ने पर आपने कौन-सी गतिविधियाँ कराईं-

दिनांक	गतिविधि	दक्षताएँ	समय	सामग्री

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन-सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं? (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन-सी गतिविधियों में ज़्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?


मटका मटकी

रेलम रेल





रेलम रेल

सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हे बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।
- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएं। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।
- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।
- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा न करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।

गतिविधियां –

– 6 वाली रेल के हर डिब्बे में 6 चीजें रखें जैसे कंकड़, फूल, अलग अलग बीज, काड़ी, पत्ती आदि। इसी तरह 9 वाली रेल के डिब्बों में 9-9 चीज़ें रखें।
- 6 और 9 का कार्ड ढूंढ कर सही जगह रखें। (पीछे बनी बिन्दियां देख कर)
- कक्षा में 6 और 9 की रेल बनाएं। 6 की रेल में 6 बच्चे, 9 की रेल में 9 बच्चे डिब्बे बनें- हर के हाथ में 6 और 9 चीजें हों। रेल बनाने के बाद रेस भी लगा सकते हैं।
- 6 के हर डिब्बे में 6 चीजों के चित्र बनाएं और छोटे डिब्बे में 6 लिखें। ऐसे ही 9 के साथ भी।
- हर डिब्बे के नीचे चके बनाएं और गिनें।
- 6 और 9 की रेल की कहानी सुनाएं जैसे 6 वाली रेल (सुबह) 6 स्टेशनों पर रुकती और हर डिब्बे में हर स्टेशन पर एक व्यक्ति चढ़ता है फिर सातवें स्टेशन पर सब उतर जाते हैं। वापसी में 6 लोग हर डिब्बे में बैठते और 1-1 करके हर स्टेशन पर उतरते। ऐसे ही 9 के लिये इसे ऊपर दिये रेल के खेल के साथ भी कर सकते हैं। जिसमें हर स्टेशन पर हर बच्चे को एक कंकड़ उठाना और वापसी में फेंकना है। जितने कंकड़ हो जाएं, संख्या बोलकर आगे चलना है।

नोट - अंक के आकार एक सा होने से संख्या व अंक पहचान, दोनों में दिक्कत आ सकती है जैसे हिन्दी के अंकों में ३ और ६ में अक्सर बच्चों को भ्रम रहता है, उसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय अंकों में 6 और 9 में भ्रम रहता है। इसलिये यह पन्ना 6 और 9 पर केंद्रित है। यदि आप को ऐसे बच्चे नजर आते हैं जिनमें किन्हीं और अंकों में भ्रम है, जैसे 2 और 5 3 और 8 या 1 और 7, तो उनके साथ इन अंकों के अभ्यास करा सकते हैं।
- संख्या की अवधारणा विकसित करने के कई पहलू है - गिनती का नाम क्रम से याद रखना, वस्तुएँ गिनना, अंक पहचानना,, संख्या और अंक में संबंध स्थापित करना। - यह आखिरी पहलू इस पन्ने का प्रमुख भाग है।

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-

दिनांक	गतिविधि	दक्षताएँ	समय	सामग्री

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?